# यूपी की ब्रांडिंग के लिए विदेश जाएंगे योगी व कैबिनेट मंत्री

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023

### अमेरिका व ब्रिटेन के पांच शहरों में रोड शो करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : अगले वर्ष फरवरी में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के दृष्टिगत विदेश में उप्र की ब्रांडिंग कर विदेशी निवेशकों को लुभाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सभी कैबिनेट मंत्री जल्द ही विभिन्न देशों का दौरा करेंगे। रोड शो के जरिये निवेशकों को आकर्षित करने की इस मुहिम में योगी सरकार के पहले कार्यकाल में औद्योगिक विकास मंत्री की भूमिका निभाने वाले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ब्रिटेन की राजधानी लंदन और अमेरिका के चार शहरों-न्यू यार्क, डैलस, शिकागो और सैन फ्रांसिस्को जाएंगे। मुख्यमंत्री के विदेश दौरे की तारीखें अभी तय नहीं है लेकिन माना जा रहा है कि अगले माह गुजरात विधानसभा चुनाव के बाद योगी निवेशकों को आकर्षित करने के लक्ष्य के साथ विदेश कूच करेंगे।

अपने विदेश दौरे के दौरान योगी आइटी एवं इलेक्ट्रानिक्स कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, रक्षा एवं एयरोस्पेस, फार्मास्युटिकल एवं चिकित्सा उपकरण, ऊर्जा, वेंचर कैपिटलिस्ट, रिटेल, आटोमोबाइल कंपोनेंट्स, ऊर्जा, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिकल मशीनरी और कपड़ा सेक्टर में निवेश जुटाने के लिए उद्यमियों से संवाद और रोड शो करेंगे।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मत्स्य विकास मंत्री संजय निषाद पर खाद्य प्रसंस्करण, केमिकल्स, लाजिस्टिक्स, रिटेल, लुगदी और कागज, अपशिष्ट प्रबंधन, निर्माण और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने की जिम्मेदारी होगी। ब्रांड यूपी की ब्रांडिंग के लिए मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र सहित तीन दर्जन से अधिक अधिकारी भी विदेश जाएंगे।